# गद्दे की फैक्ट्री में लगी आग

## आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई

**जयपुर।** हसनपुरा में मंगलवार शाम में एक गद्दे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के इलाकों में धुएं का गुबार फैल गया। आग की सूचना पर मौके पर करीब 13 दमकल पहुंची और करीब दो घंटे से अधिक समय में आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों रुपए का तैयार व कच्चा माल स्वाहा हो गया।

- **मौके पर करीब 13 दमकल पहुंची और करीब दो घंटे से अधिक समय में आग पर काबू पाया**
- **आग से लाखों रुपए का तैयार व कच्चा माल स्वाहा हो गया**

पुलिस के अनुसार आग मंगलवार शाम करीब 3.45 बजे लगी। सूचना पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया था। आग की लपटें और धुआं करीब दो किमी की दूरी से नजर आ रहा है।

करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग की सूचना पर 22 गोदाम से 2, बनीपार्क से 3, वीकेआई से 2, मानसरोवर और झोटवाड़ा से 2-2 सहित कुछ अन्य स्थानों से दमकल मोके पर पहुंची और आग बुझाने के लिए दमकलों को कई चक्कर लगाने पड़े। यह फैक्ट्री हसनपुरा निवासी इरफान की है। आग से करीब 15 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री में गद्दों के लिए इस्तेमाल होने वाले फोम और कपड़े मौजूद थे, जो आग पकड़ने में बेहद संवेदनशील होते हैं। इसी कारण आग तेजी से फैली। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

प्रशासन की मुस्तैदी और फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आसपास की इमारतों को सुरक्षित खाली कराया गया और दमकल कर्मियों ने फैक्ट्री की सीमा में ही आग को सीमित रखा, जिससे अन्य भवनों को नुकसान नहीं पहुंचा।

इस घटना ने औद्योगिक इलाकों में सुरक्षा उपायों और अग्नि सुरक्षा मानकों की पुनः समीक्षा की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। फैक्ट्री मालिक से भी जवाब-तलब किया गया है।

## फर्नीचर गोदाम में लगी भीषण आग

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में मंगलवार सुबह फर्नीचर के एक गोदाम में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान होना सामने आया है। पुलिस प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना सामने आया है।

थानाधिकारी धर्म सिंह चौधरी ने बताया कि आदर्श नगर श्मशान के पास मोहम्मद इलियास का फर्नीचर का गोदाम है। शनिवार सुबह करीब 7.15 बजे बंद फर्नीचर गोदाम से अचानक धुआं उठने लगा।

देखते ही देखते धुंए के साथ ही आग की लपटे उठने लगी। गोदाम में आग लगने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। गोदाम में रखे फर्नीचर के चपेट में आने पर आग की भीषण लपटे उठने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड को तुरंत आग लगने की सूचना दी। फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर करीब ढाई घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

करीब 4-5 दिन पहले ही ऑनर मोहम्मद इलियास ने इस बिल्डिंग में गोदाम को शिफ्ट किया था। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

## खाता किराए पर लेकर साइबर ठगी करने वाले तीन ठग गिरफ्तार

**जयपुर।** साइबर फ्रॉड करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस टीम को 8 मोबाइल, 11 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, 2 चैक, एक एयरटेल का डोंगल और एक पासबुक मिली है। जो लोगों से बैंक खाते किराए पर लेकर गलत काम कर रहे थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि 11 मार्च को पुलिस टीम को एक पीड़ित से सूचना मिली कि 4 महीने पहले उसका सुरेश नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर संपर्क हुआ। सुरेश ने वॉट्सऐप नंबर पर कॉल कर बताया कि वह यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) का काम करता है। मुझे अपना अकाउंट, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड दे दो। तुम्हारे अकाउंट में बिल्कुल सुरक्षित लेनदेन करूंगा। आरोपी सुरेश पीड़ित को 23 फरवरी को पाच्यावाला श्री राम ढाबे पर बुलाया। यहां सुरेश अपने दो साथी रमेश व धारा सिंह के साथ आया। पीड़ित को अपने फ्लैट पर ले गया। तीनों ने सिम कार्ड अकाउंट नंबर एटीएम कार्ड मांगे। जो पीड़ित ने उन्हें दे दिए। इसके बाद अकाउंट में 600204 रुपए क्रेडिट कर दिए।

## सार-समाचार

### आधार कार्ड से इपिक को जोड़ने के लिये चुनाव आयोग की बैठक




**जयपुर।** चुनाव आयोग ईपीआईसी को आधार से जोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित निर्णयों के अनुसार कार्रवाई करेगा। यूआईडीएआई और ईसीआई के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है। सीईसी ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत के चुनाव आयोग ने ईसी डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, एमईआईटीवाई के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ और ईसीआई के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। जबकि, भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है, आधार कार्ड केवल एक व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। तदनुसार, यूआईडीएआई और ईसीआई के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

### ध्रुपद यात्रा : विरासत, संगीत और परंपरा का उत्सव



**जयपुर।** ध्रुपद यात्रा महोत्सव 2025 भारत की सांस्कृतिक विरासत के एक सम्मानित संरक्षक और डागर घराने के एक अटल संरक्षक स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ को समर्पित है। राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, जयपुर में प्रतिष्ठित सरकारी और सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन तिलक समारोह के साथ हुआ, जो परंपरा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। शाम का संचालन तनुशा नागरथ ने शानदार ढंग से किया, उन्होंने इन गहन शब्दों के साथ माहौल को स्थापित किया। डागर अभिलेखागार संग्रहालय द्वारा एक उत्कृष्ट कला प्रदर्शनी, जिसमें डागर घराने के समृद्ध इतिहास की झलकियाँ प्रस्तुत की गईं। संत कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में रेनबो पैलेट फाइन आर्ट अकादमी के युवा कलाकारों द्वारा लाइव पेंटिंग सत्र, जिसमें कैनवास पर ध्रुपद के सार को दर्शाया गया। उत्सव में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें शामिल हैं। सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में, सुश्री शबाना डागर और इमरान डागर ने सम्मानित व्यक्तियों और प्रतिष्ठित कलाकारों को गुलदस्ते और शॉल देकर सम्मानित किया।

### भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पर विद्यालयों में होंगे आयोजन



**जयपुर।** जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष में संपूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार ने निर्देश जारी कर दिए हैं। शासन उप सचिव द्वारा जारी आदेश अनुसार भगवान ऋषभदेव जयंती के उपलक्ष में समस्त राजस्थान के राजकीय/ निजी विद्यालयों में ऋषभदेव भगवान के जीवन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 10 मार्च से 20 मार्च तक की अवधि में विभिन्न प्रतियोगिताओं का स्कूलों में आयोजन किया जाएगा जिसमें जैन धर्म पर आधारित चार्ट बनाना, रंग रोगन करना, पोस्टर बनाना, निबंध लेखन आदि शामिल है। राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद के अध्यक्ष ने शिक्षा एवं पंचायती राजमंत्री मदन दिलावर को पत्र सौंप कर उक्त संदर्भ में मांग की थी जिस पर शिक्षा मंत्री एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने उक्त आयोजन करने के निर्देश जारी किए थे।

### ईवी स्कूटी और अन्य सामान चोरी

**जयपुर।** जालूपुरा थाना इलाके में गोदाम का ताला तोड़कर चोर ईवी स्कूटी और उसके पार्टस चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार सेठी कॉलोनी आदर्श नगर निवासी राजीव दीवान ने मामला दर्ज करवाया कि वह ईवी स्कूटी की एजेंसी लेकर काम करता है। उसने जालूपुरा में बड़ी मस्जिद केबाद गोदाम बना रखा है। चोर इस गोदाम का ताला तोड़कर अंदर घुसे और ईवी स्कूटी और उसके कई पार्टस चोरी कर ले गए। घटना 11 मार्च की बताई जा रही है। चोरी का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने अभियान चला कर 700 हार्डकोर-संदिग्ध बदमाशों को दबोचा



**जयपुर पुलिस की ओर से पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया है।**

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने मंगलवार अल सुबह अभियान चलाकर पुलिस कमिश्नरेट के चारों जिलों के सभी थाना क्षेत्रों के लगभग 700 हार्डकोर एवं संदिग्ध बदमाशों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

- **अभियान में सक्रिय अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लिया एवं उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी**

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया है। इस अभियान तहत सक्रिय अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लियाएवं उनके खिलाफ विधि एवं न्याय अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्व में 946 संदिग्ध अपराधी चिन्हित किए गए, एमवीएक्ट, एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, 129 व 170 बीएनएसएस, अन्य एक्ट में लगभग 250 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। । पश्चिम जिले में 1048 संदिग्ध अपराधी चिन्हित लगभग 250 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। उत्तर जिले में 212 संदिग्ध अपराधियों को चिन्हित कर लगभग 73 अपराधियों को हिरासत में लिया गया।दक्षिण जिले में अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान में 739 संदिग्ध अपराधी चिन्हित 136 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। अभियान तहत सक्रिय अपराधियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# जयपुर में स्टंटबाजों पर कसा शिकंजा



**पुलिस ने हुडदंग करने वाले 15 युवकों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया।**

**जयपुर।** त्योहारी मौसम में सड़कों पर स्टंटबाजी और हुडदंग करने वाले युवकों के खिलाफ जयपुर उत्तर पुलिस ने तीसरे दिन भी अपनी कार्रवाई जारी रखी। पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ के निर्देशानुसार, जयपुर उत्तर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बाइक और कार से स्टंट करते हुए रैली निकालने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने वाले युवकों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने बताया कि इन युवकों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई और कुल 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही, 20 वाहनों को एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया और 5 वाहनों का चालान किया गया। यह कार्रवाई जिला उत्तर के वृत आमेर, रामगंज और माणक चैक के थाना अधिकारियों की देखरेख में की गई। पुलिस ने बताया कि यह कार्यवाही त्योहारी सीजन में लोगों की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए की जा रही है। स्टंटबाजों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़कों पर हो रही अनावश्यक परेशानी को रोका जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हथियार लेकर घूम रहे चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात की फिराक में घूम रहे चार बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों से 5 देशी पिस्टल, एक 12 बोर बंदूक और 373 गोलियां (7.65 एमएम) और 2 12 बोर जिंदा कारतूस बरामद की है। पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई कर सभी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि डीएसटी और करधनी थाना पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले संदिग्धों के खिलाफ अभियान चला रखा है। इस दौरान तीन संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

## नाबालिग को जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में एक नाबालिग से दोस्ती कर अपने जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडिता ने अपने परिजनों के साथ आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसके परिजनों का आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी का किडनैप कर दुष्कर्म किया गया है। पीडिता ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कुछ समय पहले नाबालिग बेटी की मुलाकात आरोपी से हुई थी।

बातचीत के दौरान आरोपी लड़के ने नाबालिग बेटी से दोस्ती कर ली। मिलने के बहाने धोखे से बुलाकर बहला-फुसलाकर नाबालिग का आरोपी किडनैप कर ले गया। अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। आरोपी के चुंगल से छुटकर घर पहुंची नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। सांगानेर सदर थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नहाते समय नाबालिग से युवक ने की छेड़छाड़

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में बाथरूम में नहाते समय नाबालिग से एक युवक ने छेड़छाड़ की और उसके साथी ने पीडिता ने विडियो बना लिए। पीडिता ने अपने पिता के साथ थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कनकपुरा निवासी एक 17 साल की नाबालिग ने मामला दर्ज करवाया कि वह 16 मार्च की शाम को खेत में बने बाथरूम में नहा रही थी। बाथरूम के गेट नहीं है। नहाने के दौरान वहां पर पंकज शर्मा और अभिषेक आ गए। पकंज शर्मा ने उसका विडियो बनाना शुरू कर दिया और अभिषेक ने बाथरूम में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की।

पीडिता ने बचाव में चिल्लाना शुरू कर दिया। इस पर आरोपी पकड़े जाने के डर से वहां से भाग निकले। इसके बाद पीडिता घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस पर पिता पीडिता को लेकर थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

## रोड निर्माण को लेकर जेडीए और आवासन मंडल का अलग रुख

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एयरपोर्ट से हल्दी घाटी सर्किल तक सौ फीट चौडी रोड निर्माण के मामले में कडी टिप्पणी की है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख यूडीएच सचिव को 19 मार्च को तलब किया है। अदालत ने प्रमुख सचिव से बताने को कहा है कि सौ फीट चौडी रोड निर्माण को लेकर क्या योजना है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश अजय मार्ग निर्माण संघर्ष समिति की याचिका पर सुनवाई कर करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रभावित मकान मालिकों को पक्षकार बना लिया है। अदालत ने कहा कि यह बडे दुर्भाग्य की बात है कि आवासन मंडल और जेडीए, नगरीय विकास विभाग के अधीन आते हैं। इसके बावजूद संबंधित रोड निर्माण को लेकर दोनों का मत अलग-अलग है। मामले से जुडे अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि वास्तविक रोड पर कॉलोनियां बस गई हैं। वहीं जेडीए के जोनल डवलपमेंट प्लान, 2018 में आवासन के कई मकानों से यह सौ फीट रोड निकाल दी। जेडीए इससे पूर्व दो बार इस रोड का अलाइंमेंट बदला चुका है। इसके अलावा प्रभावित मकान मालिकों की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि जेडीए की ओर से रोड का अलाइंमेंट बदलने के चलते उनके मकानों पर तलबार लटक गई है। ऐसे में जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने यूडीएच विभाग के प्रमुख सचिव को पेश होकर रोड निर्माण को लेकर योजना पेश करने को कहा है।

## विद्युत निगमों में अभियंता संवर्ग की सीधी भर्ती परीक्षा 11 व 12 अप्रैल को

जयपुर। राज्य के पाँचों विद्युत कंपनियों में 487 पदों के लिये प्रारम्भ की गई भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के 271 पदों पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा 11 और 12 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। अभियन्ता संवर्ग के 271 पदों में कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पद, कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) के 25 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एंड सेफ्टी) के 2 पद और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विद्युत निगमों में तकनीशियन-(आईटीआई)/ ऑपरेटर-(आईटीआई)/ प्लान्ट अटेन्डेन्ट (आईटीआई) के 216 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया जो दिनांक 21 फरवरी 2025 से शुरू हुई थी, की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और निगम ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जावेगा।

# होटल पर चालक से मिलीभगत कर टैंकर से केमिकल की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) एवं थाना मनोहरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे के पीछे चालक से मिलीभगत कर केमिकल से भरे टैंकर से केमिकल चोरी करने के मामले में आरोपी कृष्ण कुमार खटीक (38) निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी मनोहरपुर को गिरफ्तार किया है।

- **जयपुर ग्रामीण डीएसटी टीम एवं थाना मनोहरपुर की संयुक्त कार्रवाई**

उप महानिरीक्षक पुलिस सह (पुलिस अधीक्षक) जिला जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि मौके से पुलिस ने डिओटीपी केमिकल से भरा हुआ टैंकर, एक खाली पिकअप, 200-200 लीटर केमिकल से भरे 13 ड्रम, 40-40 लीटर केमिकल से भरे 2 ड्रम, 200-200 लीटर के प्लास्टिक के कुल 77 खाली ड्रम, 40 लीटर का खाली 1 ड्रम तथा टैंकर से केमिकल निकालने के काम में लिए गये उपकरणों को भी जब्त किया है।



**जयपुर ग्रामीण जिला स्पेशल टीम एवं थाना मनोहरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी कृष्ण कुमार खटीक को गिरफ्तार किया है।**

डीआईजी शर्मा ने बताया है कि जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि जयपुर से दिल्ली जाने वाले हाईवे पर पायला होटल के पास स्थित ढाबे के पास कुछ लोग टैंकर से केमिकल चोरी करते हैं। सूचना पर मौके पर दबिश दी गई।

जहां ढाबे के पीछे बने गोदाम में गुजरात नम्बर का एक टैंकर खड़ा था। जिसके ढक्कन की सील को ग्रेंडर मशीन से काट कर दो व्यक्ति पाईप से केमिकल प्लास्टिक के ड्रमों में भर रहे थे। पुलिस को देख टैंकर चालक रात का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। दूसरे व्यक्ति कृष्ण कुमार खटीक को टैंकर मालिक की सहमति के बिना चालक के साथ मिल केमिकल चोरी कर खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कृष्ण कुमार केमिकल चुराकर कहां-कहां व किस-किस को सप्लाई करता है तथा कब से इस अपराध में सम्मिलित है, इसके संबंध में पुलिस अनुसंधान कर रही है। इस कार्रवाई में थाना मनोहरपुर से एसएचओ भगवान सहाय सहित एएसआई जयराम, हेड कांस्टेबल लीलाधर, कांस्टेबल राजेश कुमार, लक्ष्मण, संदीप, डीएसटी से हेड कांस्टेबल रामनिवास, सतेन्द्र, कांस्टेबल तेजपाल, कांस्टेबल चालक राजू देवन्दा शामिल थे।

## पडोसी ने किया युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में एक युवक ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय पीडिता थाना इलाके की रहने वाली है जबकि आरोपी युवक पीड़िता के पड़ोस का रहने वाला है। पडोसी होने के कारण उसका पीडिता के अक्सर घर आना जाना है।

पीडिता ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि रविवार रात को वह घर पर अकेली थी। रात करीब 9 बजे आरोपी पड़ोसी ने गेट खटखटाया। गेट खोलने पर बनी हुई सब्जी देने की कहा। सब्जी लेने के लिए अंदर जाने पर वह चुपचाप पीछे से घर में घुस आया। गेट लॉक कर उसको पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मुंह दबाकर आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बस्सी थाने में पीड़िता ने सोमवार शाम आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# तीन शातिर मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार



**संजय सर्किल थाना पुलिस ने तीन शातिर मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है**

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज मस्ती के लिए राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले तीन शातिर मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लूटे गए मोबाइल भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज मस्ती के लिए राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले एहसान खान निवासी चांदपोल जयपुर,मोहम्मद जुनैद निवासी चांदपोल बाजार जयपुर और साजिद खान निवासी शाहपुरा जिला जयपुर हाल शास्त्रीनगर को गिरफ्तार किया है। जिनसे लूटे गए मोबाइल भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है।